प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश के लिए विरासत कभी भी पुरातन के प्रति मोह नहीं बल्कि ज्ञान और समुदाय की निरंतर धारा का प्रतीक
- जन आन्दोलन में बदल रहा प्रदेश सरकार का चिट्टा विरोधी अभियान–बीते तीन वर्षों में आठ हजार 2 सौ 16 नशा तस्कर गिरफ्तार
- किसानों की आय दोगुनी करने के मकसद से हिम उन्नति योजना के तहत शिमला जिले में 16 हिम कृषि कलस्टर चयनित
- मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग–तीन आज से वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक रूप से बंद
- शुष्क ठंड के चलते सुबह–शाम ठिठुरन बढ़ी– मौसम विभाग के अनुसार, कल से 12 दिसंबर तक वर्षा व बर्फबारी के कोई आसार नहीं।

प्रधानमंत्री यूनेस्को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लिए विरासत कभी भी पुरातन के प्रति मोह नहीं रहा है बल्कि यह ज्ञान और समुदाय की निरंतर धारा का प्रतीक रही है। प्रधानमंत्री ने यह बात नई दिल्ली में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के उद्घाटन समारोह में अपने संदेश में कही। उन्होंने कहा कि भारत का विकास भी, विरासत भी का नारा यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता है कि आधुनिकीकरण और शहरीकरण सांस्कृतिक जड़ों को मिटाने के बजाय संस्कृति को मज़बूत करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी परंपरा, कोई भी कलाकार और कोई भी समुदाय अनदेखा या बिना समर्थन के न रहे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर–सरकारी समिति के 20वें सत्र की मेज़बानी करना भारत के लिए बहुत गर्व का क्षण है उन्होंने कहा कि यह सत्र प्राचीन विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच एक सेतु का काम करेगा।

वंदे मातरम्

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आज वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

अभियान

प्रदेश सरकार का चिट्टा विरोधी अभियान जन आंदोलन में बदल रहा है और पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पिछले तीन वर्षों में पुलिस ने एनडीपीएस के 5 हजार 642 मामले दर्ज करते हुए 8 हजार 216 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अवधि में लगभग 36 किलोग्राम चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 15 नवंबर को शिमला में आयोजित महा वॉकथॉन में नशीले पदार्थों के खिलाफ मुहिम को एक व्यापक जन आन्दोलन में बदलने की घोषणा की। यह मुहिम अब राज्य स्तर से होते हुए पंचायतों, गांवों और घर–घर तक पहुंच रही है। इसमें समाज के

हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लोगों से चिट्टा संबंधी सूचनाएं देने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

जगत सिंह नेगी

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंडी के पड्डल मैदान में 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जनसंकल्प सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी संदर्भ में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज से मंडी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के अलावा विभिन्न विभागीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

हिम उन्नति योजना

हिम उन्नति योजना के तहत शिमला जिला में 16 हिमकृषि कलस्टर चयनित किए गए हैं। इसका लक्ष्य किसानों की आय दोगुनी और कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करना है। जिले में 137 कलस्टर बनाए गए हैं, जिसमें एक हजार 3 सौ 13 बीघा भूमि सम्मिलत की गई है। हमारे शिमला जिला संवाददाता ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश भर में 26 सौ कलस्टर स्थापित किए जा रहे हैं।

डिस्पैच– *वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शिमला जिला में चयनित 16 गांवों में 576 किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।चयनित 16 हिम कृषि क्लस्टर में किसानों को पेश आने वाली दिक्कतों का समाधान किया जा रहा है जिसके लिए व्यापक योजना बनाई गई है। चयनित क्लस्टर के लिए किसानों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद, एक्सपोजर विजिट, फसल के विभिन्न चरणों के दौरान मार्गदर्शन, पशुपालकों को उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी, बागवानों को बेहतरीन पौधे मुहैया करवाना और किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अप्रैल 2023 के बजट में हिम उन्नति योजना की घोषणा की थी। प्रदेश सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है, जो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विकास व किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से मैं योगराज शर्मा।*

लेह–मनाली राजमार्ग

सर्दियों के मौसम में बर्फबारी व फिसलन को देखते हुए 428 किलोमीटर लंबा लेह–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग–3 आज से वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। लेह–मनाली राजमार्ग के रास्ते में आने वाले चारों दर्रों से बर्फ हटने के बाद यह अगले वर्ष तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। लेह–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के लिए दूसरा संपर्क राजमार्ग है, जो लेह को हिमाचल प्रदेश के मनाली से जोड़ता है।

मौसम

प्रदेश में शूष्क ठंड के चलते सुबह–शाम व रात को ठिठुरन बढ़ती जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान के माइनस में पहुंचने से प्राकृतिक जलस्त्रोत जमने शुरू हो गए हैं। लाहौल–स्पीति जिला के कुकुमसेरी, केलांग और ताबो में न्यूनतम तापमान शून्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। इस बीच राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज हल्की बर्फबारी व कल से आगामी 12 दिसंबर तक मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

इस बीच, बर्फबारी की चाह में राज्य के पर्यटन स्थलों में सैलानियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर फोटोग्राफी करने वाले फोटोग्राफर भी बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बर्फबारी अगर समय पर न हुई, तो इससे पर्यटन सीजन के साथ उनके व्यवसाय पर भी असर पड़ेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में चिट्टा माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे में 16 तस्कर दबोचे। दैनिक जागरण के शब्द हैं–नशा माफिया पर प्रहार, कई जिलों में 24 घंटे में पकड़े 16 तस्कर। दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–मनाली से लेह तक पहुंचना हुआ और आसान –रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने

शौंगटौंग–जिंगजिबार में बने चार पुलों का वर्चुअली किया उद्घाटन। दैनिक भास्कर लिखता है–धर्मशाला में भारत–साउथ अफ्रीका टी–20 मैच 14 को, सस्ती टिकटें बुकिंग शुरू होते ही खत्म।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश के लिए विरासत कभी भी पुरातन के प्रति मोह नहीं बल्कि ज्ञान और समुदाय की निरंतर धारा का प्रतीक
- जन आन्दोलन में बदल रहा प्रदेश सरकार का चिट्टा विरोधी अभियान–बीते तीन वर्षों में आठ हजार 2 सौ 16 नशा तस्कर गिरफ्तार
- किसानों की आय दोगुनी करने के मकसद से हिम उन्नति योजना के तहत शिमला जिले में 16 हिम कृषि कलस्टर चयनित
- मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग–तीन आज से वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक रूप से बंद

- शुष्क ठंड के चलते सुबह–शाम ठिठुरन बढ़ी– मौसम विभाग के अनुसार, कल से 12 दिसंबर तक वर्षा व बर्फबारी के कोई आसार नहीं।